प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.09.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ईपीएफओ के अंतर्गत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर किया 25 हजार रुपये प्रति माह : 51 लाख से अधिक कर्मचारी होंगे लाभान्वित।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल काशी में सेवा संकल्प अभियान का करेंगे शुभारंभ : वाराणसी से वडनगर तक की 500 युवा बाइकर्स की सेवा यात्रा को दिखाएंगे हरी झंडी।
3. मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में 40 करोड़ रुपए की 119 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– सरकार के विकास कार्यों से पूरे देश में बदली प्रदेश की पहचान।
4. उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने सहायक अध्यापक और प्रवक्ता संवर्ग पीजीटी के 15 हजार से अधिक पदों के लिए मांगे आवेदन : ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया आज से शुरु।

————————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ के अंतर्गत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये प्रति माह कर दिया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद आज मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से 51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारी अनिवार्य ईपीएफओ कवरेज के दायरे में आ जाएंगे। इससे श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा का दायरा काफी बढ़ जाएगा। सरकार का वार्षिक व्यय लगभग 11 हजार 339 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

*₹25,000 per month salary will be the new ceiling for PF deductions- इससे करीब 51 lakh employees को इसका बेनिफिट मिलेगा जो कि 15 to 25 वाले बैंड में थे। दे विल स्टार्ट गेटिंग कवर्ड इन द न्यू PF रूल्स। भारत सरकार का इस पे एस्टीमेटेड गवर्नमेंट एक्सपेंडिचर रहेगा अबाउट 11,339 करोड़ रुपए एवरी ईयर।*

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 7 अक्टूबर को शासन प्रमुख के तौर पर 25 वर्ष के सेवाकाल पूरा होने के अवसर पर कल से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर कल श्री काशी विश्वनाथ धाम में विशेष पूजन–अर्चन और रुद्राभिषेक किया जाएगा। साथ ही वाराणसी से वडनगर तक की सेवा यात्रा पर निकलने वाले 500 युवा बाइकर्स का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री जे.पी.एस. राठौर ने बताया कि युवा बाइकर्स को सेवा यात्रियों के रूप में झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

*एक सेवा यात्रियों के रूप में फ्लैग ऑफ करके झंडी दिखा कर हमारे सभी अतिथि गण उनको विदा करेंगे और उसके बाद इस यात्रा पर जगह–जगह पड़ाव रहेंगे और इस प्रकार से आगे यात्रा बढ़ेगी और दूसरे प्रदेशों से होते हुए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ से होते हुए गुजरात पहुंचेगी। इसमें 20 दिन का समय लगेगा। 7 अक्टूबर तक ये वदनगर पहुंचेगी यात्रा।*

सेवा संकल्प अभियान के तहत राज्य में 12 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें 'आशीर्वाद का दीया', 'मेरे सपनों का भारतः चित्र सेवा', 'नमो सेवा—अनकही कहानियां', 'सेवा ज्योति कलश यात्रा', 'वडनगर से वाराणसी यात्रा' और 'सुशासन सेवा संवाद' प्रमुख हैं। पेश है एक रिपोर्ट...

*सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत कल 'सेवा दिवस—आशीर्वाद का दीया' से होगी। शाम 7 बजे नागरिक अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर दीप प्रज्वलित कर सेवा और 'विकसित भारत—2047' के सामूहिक संकल्प से जुड़ेंगे। प्रदेश में प्रमुख विकास कार्यों और अवस्थापना परियोजनाओं से जुड़े चयनित स्थलों पर भी दीप प्रज्वलन किया जाएगा। अस्पतालों में फल वितरण, रक्तदान शिविर और विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर टूल किट वितरण जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री एवं अभियान के प्रभारी योगेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शासन से लेकर जनपद स्तर तक त्रिस्तरीय समन्वय व्यवस्था बनाई गई है। अभियान के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व पिछले वर्षों में हुए विकास कार्यों से जनजीवन में आए सकारात्मक बदलावों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।*

———————

स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान देशभर में कल से शुरू होगा। यह अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष अभियान का विषय है— 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत'। यह विषय स्वच्छ और विकसित भारत केलक्ष्य को आगे बढ़ाने में सामूहिक भागीदारी और साझा जिम्मेदारी के महत्व को दर्शाता है। एक रिपोर्ट—

*साल 2017 में शुरू हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान, स्वच्छ भारत मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह अभियान हर साल आयोजित किया जाता है और देशभर के लोगों को अपने आसपास की सफाई की जिम्मेदारी लेने और स्वच्छता में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाता है। गांधी जयंती, यानी 2 अक्टूबर के अवसर पर, शहरी स्थानीय निकायों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत पौधारोपण भी किया जाएगा। राज्यों से अपील की गई है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25वर्षों की सार्वजनिक सेवा पूरी होने के अवसर पर, सात अक्टूबर को विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित करें। स्वच्छ भारत मिशन के तहत देशभर में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। इससे खुले में शौच की समस्या खत्म हुई है और महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को भी बढ़ावा मिला है। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में 40 करोड़ रुपए की 119 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कल्याण मण्डपम् का उद्‌घाटन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के दिया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के विकास कार्यों से प्रदेश की पहचान पूरे देश में बदली है।

*आज बिना भेदभाव के हर गरीब को शासन की सुविधा का लाभ प्राप्त हो रहा है। गरीब को राशन की सुविधा का लाभ, गरीब को आवास की सुविधा का लाभ, गरीब को शौचालय की सुविधा का लाभ, गरीब को उज्जवला योजना के कनेक्शन का लाभ और युवा को नौकरी की गारंटी लगातार ये सुविधाएं आज प्राप्त हो रही हैं।*

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन गोरखपुर की तरफ से संचालित चैरिटेबल ब्लड बैंक सेंटर का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश की पहचान वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज से बन रही है। श्री योगी ने कहा कि आज हम नए गोरखपुर, नए उत्तर प्रदेश और नए भारत का दर्शन कर रहे हैं।

*एक नए गोरखपुर का, एक नए यूपी का, एक नए भारत का हम दर्शन कर रहे हैं और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो अभूतपूर्व बदलाव आया है गोरखपुर में बयाड़ी मेडिकल कॉलेज सुपर स्पेशलिटी के साथ इंसेफलाइटिस के उपचार के साथ–साथ हर प्रकार की बीमारियों के उपचार का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर के उभरा है। एम्स गोरखपुर में आ गया। गोरखपुर में आज दो मेडिकल कॉलेज, चार विश्वविद्यालय आज गोरखपुर के अंदर संचालित हैं।* मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है।

———————

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने सहायक अध्यापक और प्रवक्ता संवर्ग पीजीटी के कुल 15 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए विज्ञापन जारी किए हैं। एक रिपोर्ट.....

*आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी के 897 रिक्त पदों तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक अध्यापक, शहरी के 11 हजार 508 रिक्त पदों का विज्ञापन जारी किया गया है। सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी एवं सहायक अध्यापक, शहरी के पदों के लिए विज्ञापन के तहत 15 सितंबर, 2026 को विज्ञापन जारी किया गया। ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ता संवर्ग पीजीटी के 2,607 रिक्त पदों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन प्रक्रिया 18 सितंबर, 2026 से प्रारम्भ होगी। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————

स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत लखनऊ के चारबाग स्टेशन को अपग्रेड करने के लिए रेल भूमि विकास प्राधिकरण आज से 12 अक्टूबर तक प्लेटफार्म एक से तीन तक ब्लाक लेगा। इस दौरान एयर कान्कोर्स का काम पूरा किया जाएगा। इस कारण 85 ट्रेनों के प्लेटफॉर्म बदले रहेंगे।

(समाप्त)